प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक राज्यों को अटल नवीकरण व शहरी परिवहन मिशन अमृत योजना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए अलग मापदंड अपनाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में केंद्रीय आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ एक बैठक के दौरान बोल रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अम्रुत योजना के तहत परियोजनाएं जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की जाती है लेकिन ये मापदंड हिमाचल के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की भी समय–समय पर समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि परियोजनाओं की लागत समय के साथ बढ़ती रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है और इसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय से स्पीति जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाली कठिनाईयों को कम करने के लिए बैटरी बैकअप के साथ एक मेगावाट सौर प्रणाली की अनुमति प्रदान करने का आग्रह भी किया।

....

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला के रिकांगपिओ में एक बैठक के दौरान करच्छम मंडल में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित सड़कों के लंबित कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि किसानों व बागवानों को उनकी नकदी फसलों को मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिल सके। इस बीच जनजातीय विकास मंत्री ने कल्पा विकास खंड में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया और अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने व लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने बाद में कल्पा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और मिडल स्कूल का निरीक्षण भी किया।

....

शांडिल

स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के प्रति प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया है। सोलन ज़िले के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। शांडिल ने कहा कि एनसीसी से युवाओं में चरित्र, अनुशासन व भाईचारा और निस्वार्थ सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. कैडेट्स आपदा से निपटने में अहम भूमिका निभाते हैं।

....

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक ऊना में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, सिंकदर कुमार और हर्ष महाजन सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा जनकल्याण के उद्देश्य को लेकर काम करती है जबकि कांग्रेस जनविरोधी नीतियों पर चलती है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल में केवल महंगाई बढ़ाने, संस्थान बंद करने, जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने और पूर्व सरकार की योजनाओं को ध्वस्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार तालाबंदी, महंगाई, भ्रष्टाचार व जनविरोधी निर्णयों के लिए जानी जाएगी। बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों व माफिया को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्य समिति में समाज में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया।

....

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िला में कोटखाई उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामनगर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि भवन निर्माण के लिए एक करोड़ 27 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय अनुमोदन प्राप्त हुआ था, जिसमें से एक करोड़ 9 लाख रुपए की राशि लोक निर्माण विभाग को सौंप दी गई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि शेष बजट से विद्यालय की बाउंड्री वॉल, फेंसिंग व शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

....

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठा रही है। वे आज चंबा ज़िले की नगर पंचायत चुवाड़ी में विभिन्न विकासात्मक कार्यों

की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चुवाड़ी स्थित मुख्य द्वार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

....